FIROZABAD POLICE

" सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा "

प्रेस नोट थाना एका दिनाँक 01-03-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना एका, फरिहा पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अभियुक्तों तथा दिनाँक 26-02-24 को थाना एका पुलिस पार्टी पर हमला करने व कार्य सरकार में बाधा डालने वाले अभियुक्तगण 1. वसीम 2. पिन्टू उर्फ पिन्टोली को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्तगण वसीम और पिन्टू उर्फ पिन्टोली के पैर में गोली लगने से हुए घायल।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में शातिर अपराधियों तथा दिनाँक 26-02-2024 को चैकिंग अभियान के दौरान थाना एका की पुलिस पार्टी पर हमला करने वाले शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना एका, थाना फरिहा पुलिस टीम द्वारा फरीदा मोड के पास चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान 02 व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया तो अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया परन्तु पुलिस की घेराबंदी व जवाबी कार्यवाही में पुलिस मुठभेड के दौरान 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिसमें अभियुक्तगण वसीम व पिन्टू उर्फ पिन्टोली के पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। अभियुक्तों के पास से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय 06 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस व 01 मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 26.02.2024 को पुलिस टीम थाना क्षेत्र के ग्राम मढा खेरिया में देख-रेख शान्ति व्यवस्था , रोकथाम जुर्म जरायम हिस्ट्रीशीटर चैकिंग अभियान में मामूर थी जब पुलिस टीम हिस्ट्रीशीटर 20 A अब्दुल फजल पुत्र फिरासत अली निवासी ग्राम खेरिया थाना एका फिरोजाबाद का सत्यापन करने उसके घर पहुंची तो हिस्ट्रीशीटर अब्दुल फजल पुत्र फिरासत उपरोक्त सत्यापन का विरोध करने लगा तथा अपने साथियों 1.गट्टू पुत्र सुकल्ली 2.पिन्टू उर्फ पिन्टोली पुत्र ईदुशाह 3.वसीम पुत्र वली मोहम्मद समस्त नि0गण खेरिया थाना एका जिला फिरोजाबाद व 5-6 अन्य अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एकराय होकर पुलिस टीम के साथ अभद्रता की गयी तथा पुलिस कर्मयों की वर्दी फाड़ दी गयी तथा मौके से भीड का फायदा उठाकर के फरार हो गये। जिसके सम्बन्ध में थाना एका पर सरकारी कार्य में बाधा डालना व पुलिस के साथ अभद्रता करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 73/24 धारा 147/149/332/353/504/506 भादवि पंजीकृत कराया गया था, अभियुक्तगण

बादस्तूर फरार थे तथा मकानों पर ताला लगा हुआ था। कल दिनांक 01.03.2024 को रात्रि में मुखबिर खास ने सूचना दी कि उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त मोटरसाईकिल से कहीं भागने की फिराक में हैं तथा ग्राम रामपुर से फरीदा मोड को आने वाले हैं सूचना पर थाना एका पुलिस द्वारा सघन चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन अभियान चलाया गया। चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान बाइक सवार व्यक्तियों को रोकने की कोशिश की गई तो बाइक व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर फायर झौंक दिया जिसमें पुलिस कर्मी बाल बाल बचे, अभियुक्तों की घेराबंदी व आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जबाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्तगण घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर दोनो घायल अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया जिनका नाम व पता पूछ गया तो 1.पिन्टू उर्फ पिन्टोली पुत्र ईद्दू शाह निवासी मढा खेरिया थाना एका फिरोजाबाद, 2.वसीम पुत्र बली मोहम्मद नि0 मढा खेरिया थाना एका फिरोजाबाद के रुप में पहचान हुई।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. पिन्टू उर्फ पिन्टोली पुत्र ईद्दू शाह निवासी मढा खेरिया थाना एका फिरोजाबाद
2. वसीम पुत्र बली मोहम्मद नि0 मढा खेरिया थाना एका फिरोजाबाद

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर।
2. 6 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 02 अदद खोखा कारतूस।
4. 01 मोटरसाईकिल।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त पिन्टु उर्फ पिन्टोलीः-

1. मु0अ0सं0 73/24 धारा 147/149/332/353/504/506 भादवि थाना एका फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 78/2024 धारा 307 भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना एका फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त वसीमः-

1.मु0अ0सं0 73/24 धारा 147/149/332/353/504/506 भादवि थाना एका फिरोजाबाद।
2.मु0अ0सं0 78/2024 धारा 307 (पु0मु0) भादवि व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना एका फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

फरीद मोड से रामपुर जाने वाला रास्ता थाना एका, फिरोजाबाद दिनांक 01/02.03.2024 की रात्रि ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक फरिहा श्री उदयवीर मलिक थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2. श्री शिवभान सिंह राजावत थानाध्यक्ष थाना एका, फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री विजय गोस्वामी चौकी प्रभारी झाल गोपाल थाना एका, फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री गोवर्धनराम चौकी प्रभारी सुराया थाना एका, फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 श्री राजकुमार सिंह थाना एका, फिरोजाबाद।
6. का0 1290 अनिल कुमार थाना एका, फिरोजाबाद।
7. का0 925 देवराज सिंह थाना एका, फिरोजाबाद।
8. का0 444 सन्तोष कुमार थाना एका, फिरोजाबाद।
9. का0 826 घनेन्द्र सिंह थाना एका, फिरोजाबाद।
10. का0 402 रवि चौधरी थाना एका, फिरोजाबाद।
11. थाना फरिहा पुलिस टीम।